RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 124 • 17:05:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं ममता : प्रधानमंत्री मोदी

• पुरानी बुआ ने किया किनारा तो बबुआ बंगाल से लाए नई बुआ
• राहुल गांधी का बस चले तो राम मंदिर में लगवा देते ताला

**एजेंसी। भदोही**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भदोही के ऊंज में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमाला बोला। मोदी ने ममता को आरोपित करते हुए कहा कि ममता बंगाल में हिन्दुओं की हत्या करवाती हैं। उनके लोग हिन्दुओं को गंगा में डूबोकर मारने की धमकी देते हैं। दीदी बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। वहां दलित और महिलाओं का सरेआम उत्पीड़न होता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अखिलेश यादव और राहुल गाँधी पर भी तीखा सियासी हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तकरीबन 30 मिनट से अधिक के अपने संबोधन में ममता बनर्जी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर रखा। मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहती है। क्योंकि ममता बनर्जी और अखिलेश यादव की

## • उत्तर प्रदेश को भी पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं अखिलेश यादव



विचारधारा एक है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुई मनीष शुक्ला की हत्या पर भी सवाल उठाया। मनीष शुक्ला भदोही से ही है और भाजपा की राजनीति से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या की जा रही है। समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों को खुली छूट देती थी। उनके लिए प्रोटोकॉल जारी होता था और अखिलेश यादव सिमी पर मेहरबान थे। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी वाली बुआ बबुआ की चाल समझ गई ऐसी हालत में उन्हें पश्चिम बंगाल से नई बुआ को लाना पड़ा। बबुआ को अपनी नई बुआ से यह सवाल करना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों कों के गालियां देकर क्यों भगा दिया जाता है। क्योंकि समाजवादी पार्टी और ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं इसलिए दोनों की राजनीतिक विचारधाराए समान है। बबुआ उत्तर प्रदेश को पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा सरकार न होती तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर, बाबा काशी विश्वनाथ और विंध्याचल कॉरिडोर का निर्माण नहीं होता। यह लोग किसी भी कीमत पर राम मंदिर का निर्माण नहीं होने देते।

### मैं काशी वाला हूं और भदोही मेरा घर हैः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी भाषा में किया। उन्होंने भोजपुरी भाषा में सबको प्रणाम किया। जनसमूह से उन्होंने कहा कि हम प्रणाम करत बानी। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने मां विंध्यवासिनी हर हर महादेव की जय घोष से किया। इस दौरान उन्होंने भदोही की सियासी नब्ज को पकड़ते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है की सीता नवमी को हम यहां आए हैं। भदोही मां सीता की पवित्र भूमि है। इस दौरान उन्होंने भदोही जनपद के प्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा हरिहरनाथ और सेमराधनाथ का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं इस पवित्र भूमि को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कई बार माँ विंध्यवासिनी का अपने भाषण में उल्लेख किया। प्रधानमंत्री इमोशनल कार्ड खेलते हुए कहां की मैं काशी वाला हूं काशी वालों के लिए भदोही अपना घर है। मैं आप लोगों से कुछ भी ना मांगू लेकिन मैं जानता हूं आप लोग मेरी भावना को समझेंगे और यहां से भारी बहुमत देकर डॉ विनोद बिंद को दिल्ली भेजेंगे। उन्होंने कहा मैं आप लोगों से कुछ नहीं सिर्फ आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस दौरान 30 मिनट से अधिक के अपने भाषण में प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनावी थकावट साफ दिख रही थी। वे बेहद थके दिख रहे थे। लेकिन भीड़ से मोदी मोदी के नारे गुजर रहे थे।

### मोदी की गारंटी पूरी दुनिया देख रही, सीएए इसका उदाहरण

**आजमगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आजमगढ़ की रैली में कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि दुनियाभर के अखबारों में पहले पेज पर भारत के चुनाव को लेकर खबरें छाई हुई हैं। भारत की पहचान, भारत का महत्मय दुनिया के लिए भी कितना मायने रखता है, इसका ये परिचय है। दुनिया देख रही है कि जनता-जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा-एनडीए पर है। देश में 140 करोड़ लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी की गारंटी का मतलब सीएए कानून। मोदी की गारंटी पूरी दुनिया देख रही है। अब सीएए कानून को कोई खत्म नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है।

# हॉट सीट बनी सारण, राजीव और लालू की बेटी के बीच दिलस्प हुआ मुकाबला

**एजेंसी। छपरा**

वैसे तो देश में कई लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां मुकाबला काफी रोचक है लेकिन बिहार की सारण सीट पर जिस तरह के हालात बन रहे है उन्हे देखते हुए यहां का मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। खासबात ये है कि भाजपा के धाकड़ नेता राजीव प्रताप रुढ़ी और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहणी आचार्य के बीच टक्कर है। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में यहां मतदान होने जा रहा है। लोगों की नजरें इस बात पर है कि दोनों में कांटे की टक्कर है और हारजीत का फैंसला भी बहुत ज्यादा वोटों के अंतर से नहीं होना है। इस चुनाव में रूडी के सामने जहां इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती है, वहीं रोहिणी आचार्य के सामने अपने पिता की पुरानी विरासत को पाने की चुनौती है। 'सम्पूर्ण क्रांति' के जनक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रहे सारण की राजनीति में लालू प्रसाद लंबे समय तक केंद्र बिंदु बने रहे। इस क्षेत्र का संसद में चार बार प्रतिनिधित्व करने वाले लालू परिवार के लिए यह परंपरागत सीट मानी जाती रही है।



**मुख्य मुकाबला यदुवंशी और रघुवंशी के बीच** : सारण की विशेषता रही है कि यहां पार्टियां भले ही अपने उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारती हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला यदुवंशी और रघुवंशी के बीच का ही होता है। दलों के हिसाब से देखें तो उपजाऊ और समतल इलाके के रूप में मशहूर सारण संसदीय क्षेत्र के चुनावी संग्राम में महागठबंधन की ओर से राजद और भाजपा के बीच आमने -सामने की लड़ाई है। सारण संसदीय क्षेत्र में मढ़ौरा, छपरा, गरखा, अमनौर, परसा तथा सोनपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस सीट से लालू प्रसाद और रूडी चार-चार बार चुनाव जीतकर संसद पहुंच चुके हैं। वैसे रूडी ने वर्ष 1996 में ना केवल जीत दर्ज कर यहां भाजपा का खाता खुलवाया था बल्कि 1999, 2014 और 2019 में भी रूडी ने यहां 'कमल' खिलाया था।

### विरासत बचाने की चुनौती

रोहिणी आचार्य की पहचान अब तक राजनीति में नहीं रही है। उनकी चर्चा अपने पिता लालू प्रसाद को किडनी दान दिए जाने के बाद शुरू हुई और इस चुनाव में वे चुनावी मैदान में हैं। रूडी न केवल सांसद है बल्कि पेशे से कमर्शियल पायलट भी हैं। चुनाव प्रचार में आये भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि रूडी को चुनकर न आप केवल एक सांसद चुनेंगे बल्कि एक विशेष व्यक्तित्व को चुनेंगे। चुनाव प्रचार के मुद्दों पर गौर करें तो रूडी इस चुनाव में विकास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं राजद अपने वोट बैंक के जरिए चुनावी नैया पार करने में जुटी है। बहरहाल, सारण सीट की पहचान रूडी और लालू प्रसाद के कारण राष्ट्रीय फलक पर रही है। इस क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है, परंतु 4 जून को मतगणना के बाद ही पता चलेगा कि यहां के लोग रूडी को एक बार फिर संसद भेजते हैं या फिर लालू की बेटी रोहिणी को पहली बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का दायित्व सौंपते हैं।

# संजय जायसवाल के समर्थन में नीतीश ने भेलाही में की सभा

**चाणक्यभूमि। संवाद सूत्र**

### इस सभा में संजय जायसवाल ने कह की चंपारण का विकास एनडीए सरकार की देन है संजय जायसवाल ने समर्थन में सभा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत तमाम नेताओं का धन्यबाद दिया



आज रक्सौल के भेलाही में नथुनी दुर्गा, उच्च विद्यालय में आयोजित विशाल जनसभा में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी व अन्य वरीय नेताओं के साथ शिरकत करते हुए वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने समर्थन में सभा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत तमाम नेताओं का आभार प्रकट किया।

इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने से पहले रक्सौल समेत पूरा प. चंपारण विकास के मानकों पर कितना पिछड़ा हुआ था यह सभी जानते हैं. कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ी हुई थी वहीं लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता था. लेकिन एनडीए राज में यहां तीव्र गति से विकास हुआ. जहां लोगों को पक्की सड़कों के लिए तरसना पड़ता था वहीं आज यहां सिंगल रोड, डबल रोड का निर्माण हो चुका है. ऐसा विकास पहले कभी नहीं हुआ था.

उन्होंने कहा कि याद करें तो पहले रक्सौल से मोतिहारी पहुंचने के लिए 2 से 2.5 घंटे लगते थे, लेकिन आज 4 ओवरब्रिजों के जरिये आप 45 से 50 मिनट में मोतिहारी पहुंच जाते हैं. यह केंद्र व बिहार सरकार के सम्मिलित मेहनत का फल है. यहां तक कि गांव-टोलों तक में बनीं सारी सड़कें एनडीए सरकार की देन है.

डॉ जायसवाल ने कहा कि 2005 से पहले स्कूल का मतलब चरवाहा विद्यालय और अस्पताल का मतलब मरीजों से अधिक कुत्तों के आराम करने की जगह होती थी. आज रक्सौल में 75 बेड का एयर कंडीशन युक्त अस्पताल है तो यह बिहार सरकार की देन है. आज किसी को icu या वेंटिलेटर की जरूरत पड़े तो उसे पटना नहीं जाना पड़ता बल्कि बेतिया में वह सुविधा मिल जाती है. किसी को डायलिसिस की आवश्यकता पड़े तो बेतिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इसकी विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध है.

रक्सौल में हो रहे विकास कार्यों के बारे में बताते हुए डॉ जायसवाल ने कहा कि रक्सौल में हवाई अड्डा बनाने के लिए पीएम पैकेज से 250 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है. शहर में में 2 ओवरब्रिजों के निर्माण के लिए बिहार पुल निर्माण निगम को पूरी राशि उपलब्ध करा दी गयी है. इसी तरह यहां एसटीपी निर्माण के लिए 63 करोड़ की राशि निर्गत की जा चुकी है. इसके अलावा मोतिहारी से शाम में रामगढ़वा व रक्सौल आने के लिए ट्रेन की सुविधा भी शुरू की जा चुकी है.

उन्होंने कहा कि हकीकत में समाज का ऐसा कोई तबका बाकि नहीं है जो एनडीए सरकार के विकास के विकास से अछूता है. आयुष्मान भारत, निशुल्क अनाज, जनधन, उज्ज्वला, मुद्रा जैसी योजनाओं का लाभ लेने वालों की संख्या काफी अधिक है. इसके अतिरिक्त मोदी सरकार में देश की मजबूत हुई छवि से भी लोगों में काफी प्रसन्नता है.

इस दौरान उन्होंने सभी से आगामी 25 मई को कमल के निशान पर बटन दबा कर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने की अपील भी की. इस दौरान मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय झा, विधायक प्रमोद सिन्हा, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, बिरेन्द्र प्रसाद व राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक पांडे, जिला महामंत्री अशोक पटेल, लोजपा नेता लोहा पांडे, गुड्डू सिंह, जितेन्द्र कुशवाहा, प्रो. मनीष दूबे, मृत्युंजय सिंह, सन्नी पटेल, राजकुमार गुप्ता, शर्मा सहनी, प्रमोद शंकर सिंह, लालबाबू सिंह आदि मौजूद रहें. मंच संचालन मंजू देवी ने किया.

# झारखण्ड के मंत्री आलमगीर को छह दिनों के रिमांड पर जेल भेजा

**रांची।** झारखण्ड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से पूछताछ के लिए दस दिनों की रिमांड की गई, लेकिन स्पेशल कोर्ट ने ईडी को छह दिनों तक पूछताछ की अनुमति दी। आलमगीर को आज जेल भेज दिया गया और कल यानी 17 मई से पूछताछ शुरू की जाएगी। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी की ओर से रांची स्थित ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। 37 करोड़ रुपये से अधिक कैश बरामदगी मामले में करीब 17 घंटे तक पूछताछ के बाद आलमगीर आलम को ईडी ने बुधवार शाम को गिरफ्तार किया था। आलमगीर ने ईडी दफ्तर में ही रात गुजारी, जिसके बाद गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच स्पेशल कोर्ट लाया गया। ईडी की ओर से पूछताछ के लिए दस दिनों की रिमांड मांगी गई, लेकिन स्पेशल कोर्ट ने छह दिन की अनुमति दी। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के ठिकानों से 37 करोड़ रुपए से अधिक कैश की बरामदगी की गई। ईडी रेड में जहांगीर आलम के घर से 32.20 करोड़ रुपए जब्त किए थे। इन रुपयों के बंडलों में कमीशनखोरी और उसके बंटवारे का हिसाब लिखा मिला। छापेमारी के दौरान ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया।

# मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकतीः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम फैसले में साफ किया है कि स्पेशल कोर्ट ने अगर शिकायत पर संज्ञान ले लिया है तो फिर जांच एजेंसी ईडी पीएमएलए के प्रावधानों यानी मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। कोर्ट ने कहा अगर मनी लॉन्ड्रिंग केस में किसी आरोपी को ईडी ने जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया है और पीएमएलए कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेकर उसे समन जारी करता है, तो उसे कोर्ट में पेश होने के बाद पीएमएलए के तहत जमानत की दोहरी शर्त को पूरा करने की जरूरत नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी सूरत में अगर ईडी को उस आरोपी की हिरासत चाहिए तो ईडी को कोर्ट से ही हिरासत की मांग करनी होगी। कोर्ट तभी आरोपी की कस्टडी ईडी को देगी, जब ईडी के पास पूछताछ की जरूरत को साबित करने के लिए पुख्ता सबूत मौजूद होंगे। बता दें कि पीएमएलए में जमानत की दोहरी शर्त का प्रावधान है, जिसके

• स्पेशल कोर्ट ने यदि शिकायत पर ले लिया संज्ञान तो फिर गिरफ्तारी की जरुरत क्या है



कारण आरोपी को जमानत मिलना मुश्किल होता है। जस्टिस अभय एस ओकया और उज्जल भुयान की युगल पीठ ने कहा कि अगर आरोपी समन के जरिए विशेष कोर्ट के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो आरोपी समन के बाद कोर्ट में पेश हुए, उन्हें जमानत के लिए आवेदन करने की जरुरत नहीं है और इस प्रकार उस पर पीएमएलए की धारा 45 की जुड़वां शर्तें लागू नहीं होती हैं।


Format C-1

**Declaration about criminal cases**

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Dr. Sanjay Jaiswal, Dr. M P Jaiswal Path, Bettiah -845438.**
Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **DR. Sanjay Jaiswal** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM-III , Dhaka | Ghodasahan PS Case no. 165/2019 East Champaran dt. 12.05.2019 | Pending | U/s 147,149,341,323,295(A), 504,506, 171, (C) IPC &27 ARMS Act. Accused of creating illegal gathering, violence and spreading religious Frenzy during election. |
| 2 | ACJM-I , Kishanganj | Kishanganj PS 511/2019 dt 19/10/2019 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 3 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan PS 58/2017 East Champaran dt 18/02/2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 4 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jitna OP East Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 5 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jharokhar PS east Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |


# भाजपा 220 सीट से ज्यादा नहीं जीतेगी

**एजेंसी। लखनऊ**

हाल ही में जेल से छूटकर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपनी फील्डिंग जमाना शुरु कर दी है। उन्होनें सपा के मुखिया अखिलेश यादव के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस कर कई दावे किए। उन्होंने कहा कि पंजाब में एक भी सीट भाजपा को नहीं मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने अपने पहले के बयानों को दोहराते हुए कहा, 'पीएम मोदी अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर बीजेपी इस बार के लोकसभा चुनाव में जीत गई तो योगी आदित्यनाथ को दो-तीन महीने में सीएम पद से हटा दिए जाएंगे और अमित शाह को पीएम मोदी अपना वारिस बनाएंगे।

• केजरीवाल और अखिलेश ने प्रेस कांफ्रेंस में किया दावा
• पंजाब में नहीं मिलेगी एक भी सीट



केजरीवाल ने कहा, 'मोदी जी ने 2014 में एक रूल बनाया था कि 75 साल से अधिक उम्र के लोगों को संगठन और सरकार में नहीं रखा जायेगा। ऐसे तमाम लोगों को हटाया गया है। मोदी जी ने तय कर लिया है की अगले साल सितम्बर महीने में अमित शाह जी को वो अपना वारिस बनाएंगे, जो लोग अमित शाह के लिए बाधा बन सकते थे उन सब को एक-एक करके ख़त्म कर दिया गया। सीएम योगी ने कहा, 'एक ही शख्स उनके लिए कांटा बन सकता है, वो है योगी आदित्यनाथ। मैंने दिल्ली में बात उठायी थी, जिसके बाद भाजपा के नेताओं ने ये बात रखी की मोदी जी को नहीं हटना चाहिए। लेकिन मोदी जी ने खुद कुछ नहीं कहा। योगीजी पर जो मैंने कहा उस पर भाजपा के किसी नेता ने कुछ नहीं कहा, इसका मतलब है की उनका हटना तय है। पिछले चार-पांच महीने से कह रखा है की 400 पार, लोगों ने पूछा की क्या बड़ा काम करना चाहते हैं। इनको 400 पार इसलिए चाहते हैं की ये रिजर्वेशन ख़त्म करना चाहते हैं। भाजपा को 250 से भी नीचे 220 सीट आ रही है। वहीं अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी चारों खाने चित हो चुकी है। उनके आंसू की नदियां उफान पर हैं। ये बात सही है की वो आरक्षण पर सबसे पहले हमला करेंगे। यूपी, दिल्ली और पंजाब में इन्हें कुछ हासिल नहीं होने वाला है। संविधान बचेगा तो लोकतंत्र बचेगा। भाजपा की साज़िश को आम लोग समझ गए हैं।

### मदरसे में ब्लास्ट, मौलाना की मौत, बच्चा घायल

**छपरा।** छपरा के मोतिराज मदरसा में बुधवार शाम अचानक ब्लास्ट हो गया। मदरसे के पीछे से गेंद जैसा कुछ सामान रखा था जिसे 10 साल का नूर आलम उठाकर ले गया। शक हुआ तो मौलाना उसे फेंकने की कोशिश करने लगा तभी यह फट गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हुए और इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौलाना की मौत हो गई। घायल बच्चे का इलाज जारी है। मृतक की पहचान मढ़ौराथाना क्षेत्र के ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन (40 साल) के रूप में हुई है। शव को गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घायल बच्चा मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। मदरसे में बम फटने के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव है। मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 62 समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी

**आरा**। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के को देखते हुए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है| जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है | गाड़ी सं. 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड स्पेशल (पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. - प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) गाड़ी संख्या 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल वलसाड से 22 अप्रैल से 24 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 08.40 बजे खुलकर अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल दानापुर से 23 अप्रैल से 25 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 14.30 बजे खुलकर अगले दिन 21.30 बजे वलसाड पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 और साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। गाड़ी सं. 09045/09046 उधना-पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल (पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.- प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) गाड़ी संख्या 09045 उधना-पटना सुपरफास्ट स्पेशल उधना से 19 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 08.35 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09046 पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल पटना से 20 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 13.05 बजे खुलकर अगले दिन 14.50 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 और साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

### चिराग पासवान ने हाजीपुर में किया रोड शो, उमेश कुशवाहा, प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा रहे मौजूद

**हाजीपुर**। वैशाली में एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने महनार विधानसभा क्षेत्र के जंदाहा और महनार में भव्य रोड शो किया है। रोड शो का नेतृत्व जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया है। इस दौरान काराकाट एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद थे। रोड शो के दौरान कार्यकर्ता और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। चिराग पासवान एनडीए खाते से टिकट लेकर अपने पिता रामविलास पासवान की संसदीय क्षेत्र रहे हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।



जबकि दूसरे दल इंडिया एलायंस गठबंधन से राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर है। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से वोटर्स को अपने पक्ष में खींचने का कार्य कर रही है। चिराग पासवान ने बुधवार की देर शाम जंदाहा महनार पहुंचकर रोड शो किया है। चिराग पासवान और क्षेत्रीय एनडीए गठबंधन कई नेता मौजूद थे। चिराग पासवान ने हेलीकॉप्टर छाप की तख्ती दिखाते लोगों को दिखाते दिखें है। इस दौरान युवाओं में काफी जोश देखा गया। चिराग पासवान जिंदाबाद रामविलास पासवान अमर रहे के नारे लगाते दिखे। एनडीए कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान को जगह-जगह पर फूल माला से स्वागत किया। चिराग को हाजीपुर संसदीय क्षेत्र रहे उनके पिता रामविलास पासवान के चहेते के द्वारा अपार समर्थन मिल रहा है।

### सैकड़ों लोगों ने किया वोट बहिष्कार, हाजीपुर के पासवान टोला में लगाया बैनर

**हाजीपुर**। वैशाली की शीतलपुर कमालपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड-8 (पासवान टोला) के सैकड़ों लोगों ने रास्ते को लेकर अपना वोट बहिष्कार कर दिया है। पासवान समाज के लोगों का कहना है कि हम लोग रोड के लिए डीएम और सीओ को कई बार आवेदन दे चुके हैं, यहां तक कि मंत्री लोगों को भी दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसलिए समाज के सभी वोटर धारी लोग सर्व सम्मति से अपना वोट बहिष्कार कर रहे है। गांव के लोग विकास कुमार, कमल भगत, कपिल देव भगत, बिदेश्वर भगत, ललन भगत, रामदयाल भगत, मनोहर कुमार राकेश कुमार, मुन्ना कुमार, सुजीत भगत, राजीव कुमार, संजय कुमार का कहना है कि अपना मत का प्रयोग हर बार चुनाव में करते हैं ताकि हमारा विकास हो, लेकिन चुनाव जीतने के बाद हम लोगों का कोई काम नहीं होता है। इसलिए हम लोगों ने वोट बहिष्कार किया। इस आशय का एक आवेदन भी बीडीओ को दिया गया है। वोट बहिष्कार करने वाले कपिल देव भगत ने बताया कि पिछले 20 सालों से शीतलपुर कमालपुर पंचायत के वार्ड संख्या-08 में सड़क का निर्माण कार्य नहीं हुआ है और न पासवान टोला का विकास हुआ है। बारिश के मौसम में लोग पानी और कीचड़ में रहने को विवश होते हैं।



### मलकौली सरेह में मिली अज्ञात शव की नहीं हुई पहचान

चाणक्य भूमी बैरिया। बैरिया थाना क्षेत्र के संतघाट-पखनाहा मुख्य मार्ग से सटे मलकौली सरेह मे एक चालीस वर्षीय अधेड़ का शव डोभ के पानी मे बरामद हुई है । घटना बुधवार शाम की है । थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है । शव की पहचान नही हो पायी है । ग्रामीण का कहना था कि वह कुछ दिनो से गुलाब चौक के आस पास घूमता रहता था । ऐसा माना जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही लगता था । शरीर मे काफी जगह घाव भी होने की बात लोग बता रहे है ।वैसे वह आस पास के होटल मे खाना खाकर इधर उधर घूमते रहता था । जब बुधवार को उसका शव डोभ मे लोगो ने देखा तो इसकी सूचना बैरिया पुलिस को दी । जिसके बाद पुलिस वहाँ पहुँच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया । थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की अभी तक शव कि शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस शिनाख्त कराने में जुट गई है।

### ट्रक ने बाईक सवार को रौंदा मौके पर हुई मौत

**चाणक्य भूमि बेतिया** । हरिवाटिका चौक से करीब 50 मीटर पूरब विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से साइड लेने के दौरान उसके चपेट में एक बाईक सवार आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर गुदरिया वार्ड तीन निवासी जलील मियां के 29 साल के बेटे नियाज आलम के रूप में की गई है।पुलिस ट्रक और बाइक को जब्त कर ली है। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया है।

### श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र ने समर-कैंप के शेड्यूल में किया बदलाव, अब 20 मई से 6 जून तक होगा आयोजन

**पटना**। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र ने समर कैंप के शेड्यूल में बदलाव किया है। इसकी तारीख और समय दोनों ही बदल गई है। अब इस समर कैंप का आयोजन 20 मई से 6 जून तक किया जाएगा। दो सेशन में इस कैंप का आयोजन होगा। मॉर्निंग सेशन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 तक और इवनिंग सेशन दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक चलेगी। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन अब 17 मई तक किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन होगी। कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन पहले आओ, पहले पाओ के तहत किया जाएगा। जितने भी मैटेरियल्स रिक्वायर्ड होंगे, वह विज्ञान केंद्र की तरफ से ही उपलब्ध कराए जाएंगे। बच्चों को अपनी तरफ से कोई भी सामान लाने की जरूरत नहीं होगी।

# मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कंप्लीट

## पटना साहिब-पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में कुल 4,290 पोलिंग सेंटर

### 1 जून को होगी वोटिंग

**एजेंसी, पटना।**

पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में सातवें चरण के तहत आगामी 1 जून को वोटिंग को होगी। जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसी कड़ी में आज समाहरणालय स्थित एनआईसी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पटना शीर्षत कपिल अशोक की मौजूदगी में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ। इस मौके पर 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक शानवास सी, सामान्य प्रेक्षक 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शारदा देवी, निर्वाची पदाधिकारी 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अपर समाहर्ता, पटना अनिल कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। एनआईसी के सॉफ्टवेयर ELECON के माध्यम से रेंडमाइजेशन कंप्लीट हुआ।



**मिक्सड बूथ की संख्याः** बता दें, पटना साहिब और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 4,290 है। पटना साहिब में 2,131 और पाटलिपुत्र में 2,159 है। वीमेन, यूथ और पीडब्ल्यूडी बूथ की संख्या क्रमशः 103 (पटना साहिब में 95 और पाटलिपुत्र में 08), 11 (पटना साहिब में 06 तथा पाटलिपुत्र में 05) एवं 12 (पटना साहिब में 06 तथा पाटलिपुत्र में 06) है। मिक्स्ड बूथ की संख्या 470 है। जिसमें पटना साहिब में 366 और पाटलिपुत्र में 104 है। जनरल बूथ की संख्या 3,694 है। रिजर्व सहित कुल 4,758 मतदान दल का गठन किया गया है। 647 माइक्रो-ऑब्जर्वर को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पटना शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी माहौल में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन तैयार है।

# तेजस्वी बोले- सम्राट चौधरी को MLA और मंत्री बनाया

**एजेंसी, पटना।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव के उस ट्वीट पर तंज कसा है जिसमें विरोधी दल के नेता ने प्रधानमंत्री को बेरोजगारी के मुद्दे पर देश के युवाओं के साथ संवाद करने की सलाह दी गई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 4 जून के बाद तेजस्वी यादव और लालू परिवार खुद बेरोजगार हो जाएंगे। इस पर तेजस्वी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनको तो रोजगार हम ही दिए थे। हमने MLA बनाया, फिर मंत्री बनाया। इसके साथ ही चिराग पासवान पर भी हमला बोला है। हम लोग पॉजिटिव लोग हैं। हम लोग सरकार में भी आते हैं तो रोजगार देते हैं। अगर हमें यह लोग गाली नहीं देंगे तो बीजेपी में इनकी पूछ नहीं होगी। इसके साथ ही तेजस्वी ने चिराग पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि 10 साल तक जमुई से लोकसभा सदस्य रहे लेकिन आज तक उन्होंने कभी कार्यालय नहीं बनाया। उनसे पूछिए क्या 100 दिन भी वह जमुई में थे। शुरू से ही वह भाजपा के साथ रहे हैं। भाजपा आरएसएस का रंग उन पर चढ़ गया है। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी चिराग पर हमला किया।

### नेता प्रतिपक्ष का चिराग पर भी वार, कहा- RSS-भाजपा का चढ़ गया है रंग, मुकेश सहनी ने भी कसा तंज

उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ने तो अभी चौथ फेज के बाद ही कहा है कि हम 300 सीट से ज्यादा जीतेंगे।छठे फेज के बाद 200 पर आ जाएंगे और सातवें के बाद 144 पर आ जाएंगे। जो अटल बिहारी वाजपेई के समय में हुआ था।

**बीजेपी वाले घबराए हुए हैं:** प्रधानमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बिहार दौरे पर और रात्रि विश्राम पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आ रहे हैं रह रहे हैं, ये अच्छी बात है। लेकिन इनको चुनाव से पहले आना चाहिए। बिहार ने इन लोगों को बहुत दे दिया। अब लेने की बारी है। यह लोग बिल्कुल समझ चुके हैं कि क्या हो रहा है। इनको समर्थन नहीं मिल रहा है। यह घबराए हुए हैं। ये लोग चुनाव हार रहे हैं। आलमगीर आलम की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा कि अदालत अपना काम करेगी।

# डबल डेकर-गंगा पथ बनाने वाली कंपनी पर लगा जुर्माना

**एजेंसी, पटना।**

पटना में गर्मी से बुरा हाल है। इसके साथ ही प्रदूषण भी कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। प्रदेश में सबसे खराब हवा गांधी मैदान इलाके की है। यहां मेट्रो और डबल डेकर एलिवेटेड रोड के निर्माण के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में इजाफा हुआ है। ऐसे में बिहार स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने निर्माण कंपनियों पर एक बड़ा एक्शन लिया है। बोर्ड ने डबल डेकर एलिवेटेड रोड और गंगा पथ (पटना मरीन ड्राइव) बनाने वाली निर्माण कंपनियों पर 4,37,000-4,37,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। बिहार स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण के हॉट स्पॉट्स पाए जाने वाले उल्लंघनकर्ताओं पर नियमानुकुल कार्रवाई की जा रही है। अशोक राजपथ पर कारगिल चौक, गांधी मैदान से एनआईटी मोड़ तक डबल डेकर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य मेसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कर रही है। जबकि गंगा ड्राइव (एनआईटी से कलेक्ट्रेट घाट तक) पर कंपनी मेसर्स



नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड की ओर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। दोनों कंपनियों की ओर से वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी जिसके कारण पर्षद द्वारा एनवायरमेंटल कंपनसेशन लगाई गई है। साथ ही दोनों यूनिट के लिए 'डायरेक्शन फॉर प्रपोज्ड क्लोजर' जारी किया गया है। इसके पहले भी सर्वश्री विशाल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, सर्वश्री अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, बिहार वेटनरी कॉलेज, मेसर्स एस.पी. सिंगला, मेसर्स नागार्जुन कन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को एनवायरमेंट कंपनसेशन लगाते हुए वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण), 1981 की धारा के तहत 'डायरेक्शन फॉर प्रपोज्ड क्लोजर' जारी किया गया था।

# नई टाइमिंग के साथ खुले बिहार के स्कूल

## शिक्षक बोले- सिर्फ मेंटल टार्चर किया जा रहा, बच्चों ने कहा- भूखे आना पड़ता है

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में गर्मी छुट्टी के बाद आज से सभी सरकारी स्कूल खुल चुके हैं। लेकिन शिक्षा विभाग ने गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव किया है। स्कूल का संचालन मॉर्निंग शिफ्ट में होगा। बच्चों के लिए समय सुबह 6 बजे से 12 बजे तक और शिक्षकों का समय 6 बजे से 1:30 बजे तक रखा गया है। स्कूल के समय में बदलाव को लेकर शिक्षकों में केके पाठक के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है। बच्चों और शिक्षकों की परेशानी जानने के लिए आज हमारी टीम पटना के जेडी बालिका उच्य विद्यालय पहुंची। छात्रा राधा कुमारी ने बताया कि सुबह 6 बजे स्कूल खुलने से काफी परेशानी हो रही है। हमें सुबह 5 बजे ही उठाना पड़ता है। ना लंच लेकर आत पाते हैं ना ही खा कर। हम चाहते हैं कि स्कूल सुबह 8 बजे से शुरू हो। छात्रा रौनक कुमारी ने बताया कि सुबह 5 बजे जब उठते हैं। खाने के लिए कुछ भी नहीं होता है। 6 बजे स्कूल होने के कारण बन भी नहीं पाते हैं। मेरा यही कहना है कि सुबह स्कूल की टाइमिंग 8 बजे से हो जाना चाहिए। विशाखा कुमारी ने भी कहा कि सुबह आने में परेशानी होती है। गर्मी भी बहुत अधिक है। टाइमिंग में बदलाव होना चाहिए।

**BLO के भी काम लगाया गया हैः** वहीं



शिक्षिका शबनम कुमारी का कहना है कि परेशानी तो बहुत हो रही है, क्या-क्या बताएं। अनावश्यक रूप से अगर शिक्षकों पर इतना दबाव बनाया जाएगा। इससे क्वालिटी इंप्रूवमेंट कहीं नहीं होगी। टीचर्स को सिर्फ मेंटल टार्चर किया जा रहा है। अगर अभी नया आदेश आ जाए और 5 बजे भी हम लोग को आने के लिए कहा जाए तो हम लोग आएंगे। अभी इलेक्शन का समय है। विद्यालय के साथ-साथ हमें BLO का काम दे दिया गया है। स्कूल से हमें जल्दी छुट्टी नहीं मिलती है तो हम BLO का कार्य कब पूरा करें। शिक्षकों का कहना है कि 1:30 बजे तक हम लोग स्कूल में हैं। इसके बाद अगर हम लोग किसी के घर जाते हैं, तो यह गर्मी का समय है। लोग दरवाजा नहीं खोलते हैं। हम लोगों के ऊपर आना आवश्यक दबाव पड़ रहा है। अगर 2 घंटे की राहत सुबह में दे दी जाए तो हमें आराम होगा। हम चाहते हैं कि स्कूल का एक स्टैंडर्ड टाइमिंग होना चाहिए। जिससे हमें और हमारे बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। स्कूल की प्रिंसिपल सुजाता कुमारी ने बताया कि हमारे स्कूल में सभी की BLO में ड्यूटी लगी है। सुबह 6 बजे से 1.30 बजे तक हमें विद्यालय में ही रहना है। इसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ना पड़ता है। 3 बजे से हमें क्षेत्र में जाना पड़ता है। वहां पर लोग सुबह आने के लिए बोलते हैं। क्योंकि दोपहर में सभी लोग अपने अपने काम के लिए बाहर निकल जाते हैं। उधर से भी दबाव दिया जाता है कि आज कितने कार्य हुए, कितनी संख्या हुई। कार्य नहीं पूरा होने पर कई लोगों को शो कॉज भी किया गया है।

**शिक्षा विभाग की ओर से क्या कहा गयाः** शिक्षा विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि सुबह 6 बजे से 1:30 बजे के बीच शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। इस समय में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटेगा।

**इससे पहले इस टाइमिंग पर चलते थे स्कूलः** बता दे की उसे पहले पहले मॉर्निंग शिफ्ट चलती थी तो सुबह 6:30 से 11:00 या 7:00 से 12:00 बजे तक संचालित होती थी।

# बिहार कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के बीच झटका, सत्यम दुबे-आसित नाथ तिवारी समेत कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल

**एजेंसी, पटना।**

बिहार कांग्रेस पार्टी को आज बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय शंकर दुबे के बेटे सत्यम दुबे ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता आसित नाथ तिवारी भी ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय कार्यालय में आज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और मंत्री मंगल पांडे ने कांग्रेस के नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

**कांग्रेस का जनाधार हो चुका है खत्मः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। एनडीए बिहार में 40 की 40 सीटों पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि अभी 3 फेज का चुनाव बाकी है और कांग्रेस के नेताओं के बीजेपी में शामिल होने से एनडीए की जीत और बड़ी होगी।



**बीजेपी आरक्षण खत्म कर देगी, आप चंद लोगों के गुलाम रह जाएंगेः** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक बार फिर से बीजेपी पर वार किया है। लालू यादव ने आरक्षण को मुद्दा बनाते हुए बीजेपी का घेरा है। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा है कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गया है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आगे उन्होंने लिखा है कि आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। उन्होंने आगे लिखा है कि संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है। समानता का भाव है, उपचार है।

**तेजस्वी का पीएम मोदी पर तंजः** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से पीएम मोदी पर तंज कसा है। तेजस्वी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी को साल भर पंचायत से लेकर नगर निगम चुनावों एवं टीवी पर प्रचार से अगर फुर्सत मिले तो उन्हें देश के करोड़ों बेरोजगार युवाओं से औचक एवं नैसर्गिक संवाद करना चाहिए।

# बिहार में 13 से 18 जून के बीच पहुंचेगा मानसून

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के कई जिले एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, 18 मई तक चिलचिलाती धूप और गर्म हवा से राहत मिलने वाली नहीं है। अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक, 13 से 18 जून के बीच मानसून बिहार में दस्तक दे सकता है। राजधानी पटना समेत 17 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान 43.3 डिग्री के साथ शेखपुरा सबसे गर्म जिला रहा। पछुआ हवा चलने के कारण बुधवार को अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी हुई। बेतिया में बुधवार हल्की बारिश हुई। हालांकि, आज सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है।

**इन जिलों में आज लू चलने की संभावनाः** प्रदेश के जिन 12 जिलों में लू चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद,



पूर्वी और पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, कैमूर, रोहतास,अरवल और गया शामिल हैं। बुधवार को पटना समेत 17 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। शेखपुरा जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री रहा।

**19-21 मई के दौरान कई जिलों में होगी बारिशः** मौसम विभाग के अनुसार 19 मई को बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का क्षेत्र बनने के साथ इसका प्रभाव प्रदेश के उत्तरी भागों में पड़ेगा। उत्तरी भागों के अधिकतर जिलों में 19-21 मई के दौरान कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

**बिहार में 13 से 18 जून के बीच आएगा मानसूनः** बिहार में इस बार मानसून 13 से 18 जून के बीच दस्तक देगा। वहीं केरल में इस बार मानसून एक दिन पहले 31 मई तो दस्तक देगा। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख एक जून है। मौसम विभाग ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **NAFISH AHMAD,** Ward No.-6 Naniyar Toll Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Nafish Ahmad** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Kishor Gaurav JM 1st Bettiah , West Champaran | 559/2020 kali bagh OP Bettiah Town West Champaran | Wair for Cognizance | U/S ,323,341,324,325,279, IPC Assault and Injured |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

## संक्षिप्त समाचार

### सप्ताहभर में फैब्रिकेटेड अस्पताल में शिफ्ट होगा मेडिकल इमरजेंसी

**भागलपुर।** डॉक्टरों की बैठक में इस पर सहमति बनी। बुधवार को अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने मेडिसिन वार्ड के सभी यूनिट प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के बाद तय हुआ कि एक सप्ताह बाद फैब्रिकेटेड अस्पताल में मेडिसीन वार्ड को शिफ्ट कर दिया जायेगा। वहां 100 बेड पर मॉनिटर लगे हुए हैं। ऑक्सीजन सप्लाई का पाइप लगा दिया गया है। वर्तमान इमरजेंसी वार्ड में अब सिर्फ हड्डी, सर्जरी व शिशु रोग के मरीज भर्ती होंगे। मेडिसीन का वार्ड हटने से एक कमरा अतिरिक्त मिल जायेगा। इसके बाद एक ओर महिलाओं व दूसरी ओर पुरुष मरीज को भर्ती किया जायेगा। फैब्रिकेटेड अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता मायागंज अस्पताल के पश्चिमी गेट से है। यहां तक पहुंचने के लिए इमरजेंसी वार्ड के पास साइन बोर्ड भी लगाया जायेगा। बैठक में मेडिसीन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अबिलेश कुमार, डॉ. राजकमल चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

### खरीक की महिला की राजस्थान में संदिग्ध स्थिति में हुई मौत

**नारायणपुर।** बिहपुर प्रखंड के झंडापुर निवासी प्रभुनारायण राय की 30 वर्षीया विवाहिता पुत्री मणि कुमारी की रविवार को राजस्थान के सूरतगढ़ में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसकी शादी 15 साल पहले तेलघी निवासी आर्मी के जवान सुमित कुमार झा से हुई थी। पिता ने बताया कि शादी के 6 माह बाद ही उसके साथ दामाद मारपीट करते थे। कई बार सुमित के परिवार से शिकायत की भी गई। बावजूद वे मारपीट करते थे। बेटी और दामाद दोनों सूरतगढ़ में आर्मी क्वार्टर में रहते थे। रविवार को बेटा रौशन कुमार को सुमित ने फोन कर बताया कि सांप के काटने से मणि की मौत हो गई। रौशन भी इंदौर में फौज में ही पोस्टेड है। जब मैं सूरतगढ़ पहुंचा तो देखा कि कमरे में चार गिलास और शराब की बोतल रखी थी। पांच साल का बेटा राघव बार-बार कह रहा था की नानाजी पापा ने मां को मार दिया। पोस्टमाटम के बाद शव प्रभुनारायण को सौंप दी गई। बुधवार को शव गांव लेकर आए।

### रजिस्ट्रार को शोकॉज- फ्रीज खाते को याचिका क्यों नहीं दी

**भागलपुर।** टीएमबीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा को राजभवन ने शोकॉज किया है। राजभवन के अपर सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने रजिस्ट्रार से पूछा है कि जब खातों पर रोक लगी हुई थी तब सभी विवि के रजिस्ट्रार ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी लेकिन टीएमबीयू के रजिस्ट्रार ने याचिका देने से मना कर दिया था। वे इसकी वजह बताएं। साथ ही वीसी ने भी रजिस्ट्रार से पूछा है कि मार्च में उन्हें कहा गया था कि विवि की जिस जमीन पर बिजली विभाग का पीएसएस है उसके किराए के लिए बिजली कंपनी से बात करें। पर आपने (रजिस्ट्रार) कह दिया कि विवि के फ्रीज हुए खाते संचालित होंगे तो बकाए बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।

### जिले के 620 शिक्षकों को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण

**भागलपुर।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद ने राज्य स्तर पर सभी जिले में 20 से 25 मई तक शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया। सतत व्यवसायिक विकास योजना सीपीडी के तहत राज्य के शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। जिले से इस प्रशिक्षण में कुल 620 शिक्षक भाग लेंगे। जिला स्तर पर सभी चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। सन्हौला, सुल्तानगंज और शाहकुंड के 260 शिक्षकों का प्रशिक्षण पीटीईसी हवेली खड़गपुर मुंगेर में तय किया गया है। सीटीई भागलपुर में मुंगेर जिले के असरगंज और बरियारपुर के 180 शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। खरीक प्रखंड, नगर निगम, नारायणपुर और नाथनगर के शिक्षकों का प्रशिक्षण डायट बांका में आयोजित किया जाएगा। नवगछिया, पीरपैंती, रंगरा चौक प्रखंड और सबौर प्रखंडों के 300 शिक्षकों का प्रशिक्षण डायट जमुई में होगा। डायट भागलपुर में मुंगेर जिले के धरहरा, हवेली खड़गपुर के 180 शिक्षकों का प्रशिक्षण तय किया गया है। नारायणपुर प्रखंड स्थित पीटीईसी नगरपारा में बांका जिले के शंभुगंज, अमरपुर और बांका के 260 शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। पीटीईसी फुलवरिया में बाराहाट, बेलहर और बौंसी प्रखंडों के 240 शिक्षकों का प्रशिक्षण होना तय किया गया है। बताया गया है कि वे लोग प्रशिक्षण केंद्र पर 19 मई को ही अपना योगदान सुनिश्चित करें। जबकि 20 मई को सुबह नौ बजे के बाद प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंचने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण में शामिल नहीं किया जाएगा।

### पति की हत्या में आजीवन कारावास की मिली सजा

**भागलपुर।** पति की हत्या में कोर्ट ने पत्नी मीना देवी को आजीवन कारावास और 30 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। केस मीना देवी के दामाद नयाचक बायपास जगदीशपुर निवासी शत्रुघ्न मंडल ने दर्ज कराया था। उसने पुलिस को बयान दिया था कि 27 जून 2020 को उसकी सास ने फोन कर उसे बताया कि उसके ससुर की मौत हो गई है। जब वह वहां पहुंचा तो ससुर का शव बाहर रखा हुआ था और उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी। उसकी सास पूर्व में एक अन्य व्यक्ति के साथ भाग गई थी और उसके साथ रहती थी। कभी-कभी घर आती थी तो उसके ससुर से झगड़ा भी हुआ था। मीना देवी बगीचे के लिए भी विवाद करती थी।

### नानी ने पैसा नहीं दिया तो कर लिया सुसाइड

**भागलपुर।** भागलपुर के बबरगंज थाना क्षेत्र के शकरुलाचक में 9वीं कक्षा के छात्र रूपेश कुमार ने कोचिंग से लौटकर घर के कमरे में जाकर खुदकुशी कर ली। वह पिछले 4 सालों से अपने ननिहाल शकरुल्लाहचक में रहकर पढ़ाई करता था। पिता मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था। बुधवार को कोचिंग से लौटे रूपेश ने अपने नानी से कुछ पैसा मांगा। नहीं देने पर रूपेश अपने कमरे में गया और गमछी के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे स्थानीय क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देख मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान कहलगांव थाना क्षेत्र के निवासी गणेश कुमार के बेटे रूपेश कुमार(16) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के नानी ने बताया कि रोजाना के तरह आज भी कोचिंग से पढ़कर घर लौटा और रुपए मांगा। रुपए के लिए थोड़ी देर रुकने की बात कहे तो वह अपने कमरे में चला गया और खुदकुशी कर लिया। चार सालों से हमारे यहां रहकर पढ़ाई करता था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। हमारे खबर लिखे जाने तक पिता समेत अन्य परिजन भागलपुर नहीं पहुंचे हैं। मामले को लेकर पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।।



### शराब पीकर एक डॉक्टर ने दूसरे से की बदसलूकी, घर से किया गया गिरफ्तार

**मुंगेर।** सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ. असीम को पुलिस ने बुधवार की शाम शराब के नशे में उनके बेलन बाजार स्थित आवास से गिरफ्तार किया। उनके शराब पीने की पुष्टि उत्पाद पुलिस अधिकारी चंदन कुमार और सदर अस्पताल में ऑन डयूटी चिकित्सक डॉ. राम प्रवेश ने की। पुलिस शराबी चिकित्सक को उत्पाद थाना ले गई। मामला तब तूल पकड़ा, जब डॉ. असीम सदर अस्पताल शराब पीकर आए थे और डॉ. रामप्रवेश से उलझ गए। डॉ. रामप्रवेश ने तुरंत इसकी खबर सिविल सर्जन को की और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद पुलिस ने डॉ. असीम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी चिकित्सक फूट-फूटकर रोने लगे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को सदर अस्पताल के सरकारी चिकित्सक डॉ. असीम और डॉ. रामप्रवेश के बीच विवाद हुआ था। दोनों एक-दूसरे से उलझ भी गए। जिसके बाद पीड़ित चिकित्सक डॉ. राम प्रवेश ने तुरंत इसकी जानकारी सिविल सर्जन बिनोद कुमार सिन्हा को दी। सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम जब अस्पताल पहुंची तो आरोपी चिकित्सक डॉ. असीम किसी तरह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अस्पताल परिसर में चिकित्सक के नहीं मिलने पर उत्पाद विभाग की टीम उसके आवास बेलन बाजार चले गए और डॉ. असीम को जब ब्रेथ एनलाइजर लगाया तो शराब पीने की पुष्टि हुई, जिसके बाद चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# भागलपुर में होमगार्ड जवान की पत्नी ने की खुदकुशी

## मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप, पति फरार, परिजन बोले- दहेज के लिए प्रताड़ित करता था

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में रस्सी के सहारे फंदे से लटका नवविवाहिता डॉली कुमारी (21) का शव बरामद हुआ है। घटना के दो घंटे पहले नवविवाहिता और पति से विवाद हुआ था। मृतका का 11 महीने पहले ही विवाह हुआ था। मायके वालों का कहना है कि शादी के बाद से पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। आरोपी पति भागलपुर में होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत है। शादी के ग्यारह माह में पति से विवाद के कारण डॉली तीन बार अपने मायके आई और पिता को बार-बार कहती थी कि पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता है। मृतक की पहचान बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र के निवासी शालिग्राम प्रसाद यादव की बेटी डॉली कुमारी (21) के रूप में की गई है। साल 2023 में डॉली की शादी हिंदू रीति रिवाज से होमगार्ड जवान संतोष उर्फ सुमन यादव से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तरडीह गांव में हुआ था।

**दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोपः** शादी के बाद से पति लगातार दहेज को लेकर दबाव बनाते थे। शादी होने के बाद पिता ने पहली बार विदाई किया। उस वक्त दामाद संतोष ने दहेज में मिले सामान लेकर नहीं गए थे। शादी के दो महीने बाद दहेज में मिले गोदरेज पलंग समेत अन्य सामान संतोष अपने घर ले गए। उसके बाद से संतोष टीवी फ्रिज और अन्य सामानों के लिए लगातार प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद मृतका के पिता ने अपने मंझले दामाद से कुछ सामान दिलवाए थे। उसके बावजूद होमगार्ड जवान संतोष दहेज के रूप में लाखों रुपए डिमांड कर रहा था। मृतका के परिजन पैसे देने में असमर्थ थे। पिता ने हत्या का आशंका जताया है, हालांकि उन्होंने पुलिस को फिलहाल कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एफएसएल के टीम ने सबूत को इकट्ठा किया है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**दो घंटे पहले हुआ था विवादः** डॉली के भाई ने बताया कि घटना से लगभग दो घंटे पहले बहन और संतोष कुमार उर्फ सुमन को घरेलू विवाद में समझा बुझाकर घर लौटा था। इसके बाद जीजा ने फोन कर बताया कि डॉली ने अंदर से अपना रूम बंद कर लिया है। इसके बाद हम बहन के ससुराल पहुंचे तो देखा कि पुलिस जांच कर रही थी। वहीं घटना के बाद पति घर से फरार है।

**एक साल पहले हुई थी डॉली की शादीः** ग्रामीणों की मानें तो पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था। डॉली की शादी एक वर्ष पहले संतोष से हुई थी। वहीं मृतका के पिता शालिग्राम यादव ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पारिवारिक विवाद में ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी। मृतका के पति दो भाइयों में छोटे हैं। उनके परिजनों का कहना है कि घटना के समय वे घर पर ही थे। डोली ने जब अंदर से कमरा बंद कर लिया तो उन्होंने खुलवाने की कोशिश की, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। जब हम खिड़की से देखे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था।

**हत्या या आत्महत्या? पुलिस कर रही जांचः** मामले में जगदीशपुर थाना अध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेगूसराय में चोरी की बाइक मुंगेर में बरामद

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुंगेर जिला अंतर्गत तारापुर थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी के नेतृत्व में की गई है। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए तारापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दिवा गश्ती के क्रम में तारापुर पुलिस में चोरी के मोटरसाइकिल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए तारापुर थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी द्वारा बताया गया कि दिवा गश्ती के दौरान पीटीसी किरण देवी पुलिस बल का नेतृत्व कर रही थी। आर.एस कॉलेज मोड़ के पास एक ब्लू रंग का ग्लेमर मोटरसाइकिल सवार बिना हेलमेट लगाए आ रहा था। पुलिस को देखकर बिना नंबर प्लेट के बाइक को लेकर सवार भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। कागजात की मांग की गई। चालक ने किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं किया और टालमटोल जवाब दिया। नाम पता पूछने पर पुलिस को छोटू कुमार और सचिन कुमार मधुरा ग्राम बताया गया। मोटरसाइकिल सहित दोनों आरोपियों को थाना लाया गया। पुलिस ने जांच के क्रम में पाया कि चोरी की मोटरसाइकिल है। चोरी का केस बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी थाना में दर्ज है। दोनों आरोपी को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी रागिनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस जमादार प्रमोद कुमार को कांड का अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। चोरी की मोटरसाइकिल थाना में जब्त कर रखा गया है। चर्चा है कि बरामद मोटरसाइकिल से अवैध शराब की डिलीवरी भी की जाती रही है। पुलिस इनके अन्य कारणों का भी पता लगा रही है। पुलिस ने छात्र हर कांवरिया मोड बंधन बैंक के पास से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।

# विवि परिसर में बनेगा संप हाउस, छात्रावास से जलजमाव की समस्या होगी खत्म

## डीएम ने अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने के दिए आदेश



निज संवाददाता। भागलपुर

तिलकामांझी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आंबेडकर छात्रावास को जलजमाव से बचाने के लिए विश्वविधालय परिसर में संप हाउस बनाया जाएगा। इसके लिए डीएम ने नगर आयुक्त रजिस्टर जिला कल्याण पदाधिकारी बुडको के कार्यपालक अभियंता और स्मार्ट सिटी के अभियंता को इससे संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी को नगर आयुक्त ने बताया कि संप हाउस बनाकर पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से निकाला जा सकता है। डीएम ने कहा कि संप हाउस का निर्माण जल्द कराया जाए। उन्होंने अभियंताओं व रजिस्टर को उसके लिए विश्वविद्यालय से जमीन उपलब्ध कराने को कहा है।

**मलेरिया, फलेरिया, डेंगू सहित कई जानलेवा बीमारी हो सकती हैः** जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित आंबेडकर छात्रावास में प्रायः जल जमाव रहता है। जिसके कारण बीमारी की संभावनाएं बनी रहती है। बुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि संप हाउस के लिए 15-15 मीटर की जमीन आवश्यकता पड़ेगी। इधर, डीएम ने संबंधित अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा दिनों तक जल जमाव हो जाने से मलेरिया, फलेरिया, डेंगू सहित कई जानलेवा बीमारी उत्पन्न हो सकती है। इसीलिए शीघ्र संप हाउस का निर्माण कराकर आंबेडकर छात्रावास परिसर से जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

बुडको के कार्यपालक अभियंता, स्मार्ट सिटी के कार्यपालक अभियंता के साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को भ्रमण कर स्थिति का आकलन करने और संप हाउस के लिए वांछित जमीन पर जल्द हाउस बनवाने के लिए विश्वविद्यालय एनओसी उपलब्ध कराने को कहा है।

# युवक ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान, मुंगेर में परिजन बोले-3 महीने से दिमागी हालत ठीक नहीं थी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में 30 साल के युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। गुरुवार की सुबह जब परिजन उसे जगाने के लिए कमरे में गया तो देखा कि युवक फांसी के फंदे से लटक रहा है। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना धरहरा थाना क्षेत्र के बड़ी गोविंदपुर गांव की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी काटकर युवक के शव को नीचे उतारा। जांच के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान बड़ी गोविंदपुर गांव निवासी फौदार यादव के 30 वर्षीय बेटे प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। मृतक युवक दो भाई और चार बहन था। घटना के बाद पिता फौदार यादव, माता सुलेखा देवी सहित अन्य परियों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि प्रवीण कुमार की तीन महीने से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसे लेकर वह कभी गांव में लोगों से लड़ झगड़ जाते तो कभी परिवार में ही बात विवाद करने लगते थे। हम लोगों के द्वारा उसे काफी समझाकर रखा जाता था। रात में वह अपने घर में खाना खाया और इसके बाद सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। सुबह जब वह काफी देर तक नीचे नहीं आया तब हम लोग जब उसे देखने के लिए गए तो देखा कि वह फांसी के फंदे से लटका था। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। धरहरा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि फांसी का फंदा लगाकर एक युवक के आत्महत्या की सूचना परिजनों ने दी थी।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Md. Kalam Sai @Kalam Dewan**, Ward No. 5 Bishambharpur, Majhauliya.
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Md. Kalam Sai @ Kalam Dewan** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM Bettiah , West Champaran | 889/2022 Majhauliya PS West Champaran | Wair for Cognizance | U/S 406,420,467 IPC Fraud |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Condidate: **Mohammad Soaib**, Ward No.-5 Chhawani Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Mohammad Soaib** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District and Session Judge Bettiah West Champaran | 758/2013 Bettiah Town West Champaran | Evidence | U/S147,148,232,149,341,325,447 ,302/34 IPC Assault and Murder |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

# प्रशांत राजगढ़िया ने साठी के मंदिरों में भक्तों के लिए लगवाया कुलर

चाणक्य भूमि बेतिया



जीवन राम राजगढ़िया परिवार के समाजसेवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत राजगढ़िया के सौजन्य से गुरुवार को साठी थाना क्षेत्र के तीन मंदिरों में एयर कूलर लगाया गया। जिसमें साठी थाना परिसर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, साठी बाजार के मां जोगेश्वरी मंदिर एवं सेमरी के राम जानकी मंदिर में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एयर कूलर लगाकर विधिवत पूजा के बाद प्रसाद व ठंडा पानी का वितरण किया गया। अपने संदेश में श्री राजगढ़िया ने कहा कि बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए भीड़भाड़ वाली मंदिरों में भक्तों को गर्मी से निजात पाने के लिए एयर कूलर लगाया जा रहा है। ताकि भीड़ के दौरान गर्मी से किसी भी भक्त की तबीयत खराब ना हो सके। इस दौरान उपस्थित राजगढ़िया के मैनेजर पिंटू कुमार, रोहित कुमार, तथा उनके सहयोगी सुशील कुमार ने बताया कि समय-समय पर प्रशांत राजगढ़िया के तरफ से जाड़े के दिनों में कंबल, जैकेट, चादर व साड़ी तथा भोजन का प्रबंध गरीबों के लिए किया जाता रहा है। राजगढ़िया परिवार की तरफ से ऐसी व्यवस्था को बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ ठाकुर, चंदन वर्मा, गोरख ठाकुर, संजय वर्मा, टेकमन हजरा, विश्वनाथ साह, मुकेश राव, राजकुमार साह, सेवानिवृत शिक्षक नारायण सर आदि ने प्रशंसा की और कहा कि राजगढ़िया परिवार हमेशा से लोगों को मदद किया है। यह एक पुण्य का काम है।

## बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान है सतभीड़वा के लोग

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

विगत एक पखवाड़ा से बिजली की आंख मिचौली से परेशान है मझौलिया के बसिंदे। उपभोक्ताओं में सतभीड़वा के सत्येंद्र श्रीवास्तव, मदन भारती, रतन महतो हरेंद्र यादव, मोहम्मद कमरुज्जमा सुधीर शर्मा, मुन्नागिरी, जटाशंकर दुबे, मदन भारती ध्रुव प्रसार कुशवाहा ,उद्धव शर्मा आदि ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत की है। गर्मी बढने के साथ बिजली की आपूर्ति व्यवस्था प्रखंड इलाकों में चरमरा गई है। बच्चों के पठन पाठन पर बुरा असर पड़ ही रहा है।गर्मी से लोग बेहाल हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालक त्राहिमाम कर रहे हैं ।कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा सुचारू रूप से बिजली सप्लाई करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है ,बहुत जल्द समस्या का समाधान हो जायेगा।

## मतदाताओं को जागरूक करने बेतिया आयेंगी मैथिली ठाकुर

चाणक्य भूमि बेतिया



दिनांक 17.05.2024 को मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मतदाता जागरुक अभियान के तहत स्वीप के राज्य आइकॉन सुश्री मैथिली ठाकुर का पश्चिम चंपारण,बेतिया में रोड शो होगा। मैथिली ठाकुर प्रेक्षागृह में मतदाता जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगी। का आयोजन किया गया है।

उनके आगमन के बाद दोपहर 3:30 बजे से समाहरणालय से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जो मुहर्रम चौक, जनता सिनेमा चौक, रेडक्रॉस चौक, पावर हाउस होते हुए स्थानीय ऑडिटोरियम (प्रेक्षागृह) जाकर समाप्त होगा।

नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्री कमलाकांत त्रिवेदी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




# मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर



भारत-नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर पर तैनात एसएसबी की 21वीं वाहिनीं बी कंपनी के द्वारा गुरुवार को कार्यालय परिसर से एसएसबी के जवानों एवं स्कूली छात्रो ने मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकली। इस बाबत एसएसबी के निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि जवानों और स्थानीय संत जेवियर्स के बच्चो के द्वारा मेरी लाइफ थीम पर साइकिल रैली निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य जीवन को सही दिशा में ले जाना है। उसके लिए हमे दैनिक दिनचर्या में बदलाव लाना जरूरी है , इसलिए बच्चों और एसएसबी के कार्मिकों के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम करके लोगो को जागरूक किया जा रहा है। यह रैली अधिकारियों के अगुवाई में जवानों ने मुख्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए पुनः कंपनी मुख्यालय परिसर पहुंची।

इस दौरान स्थानीय लोगों को स्वच्छ जीवन शैली, उर्जा संरक्षण आदि पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत का निर्माण, नवीकरणीय उर्जा को बढ़ावा देना, जल का संरक्षण, उर्जा की बचत साथ ही वृक्षारोपण को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, एएसआई अंग्रेज सिंह, शिक्षक आकाश कुमार सहित ८० बच्चे शामिल रहे ।

# सीएचसी मझौलिया में समारोह आयोजित कर दी गयी डेंगू से बचाव की जानकारी

चाण्क्य भूमि ,मझौलिया



गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में डेंगू दिवस मनाया गया। जिसमें डेंगू से बचाव के लिए लोगों को विशेष जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिये।पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़ा पहने घर एवं सभी कमरों को साफ सुथरा एवं हवादार बनाए रखें।

टूटे-फूटे बर्तनों कूलर एसी फ्रिज के पानी निकासी ट्रे

पानी टंकी एवं घर के अंदर अगल-बगल के अन्य जगहों पर पानी नही जमने दे।

अपने आसपास की जगहो को साफ सुथरा रखे। उन्होंने कहा कि जमा पानी एवं गंदगी पर कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करना चाहिये।

गमला फूलदान इत्यादि का पानी और दूसरे दिन बदले।

उन्होंने कहा कि हर बुखार डेंगू नहीं होता।

बीमारी के लक्षण होने पर बिना समय नष्ट किये चिकित्सक से संपर्क करें।

इस अवसर पर हेल्थ मैनेजर शकील अहमद, बीसीएम राजेश कुमार, राहुल कुमार,सीएचओ पूनम कुमारी,आशा फेसिलेटर शायदा खानम व आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# वीटीआर में नए वाटर होल का निर्माण कार्य प्रगति पर

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

मौसम की तल्खी को देखते हुए वीटीआर प्रशासन ने पानी की तलाश में जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में रुख को रोकने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। वन प्रशासन जंगल में पानी की कमी वाले इलाकों में कम लागत में तैयार होने वाले वाटर होल बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत वाल्मीकिनगर रेंज में कक्ष संख्या टी 40 में वन्यप्राणियों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

कुछ वाटर होल में जमीन से मोटर पंपों के जरिये पानी निकालकर जमा किया जाएगा। वहीं, रेंज की कई बीटों में प्राकृतिक जलस्रोत भूजल स्तर में गिरावट के कारण सूखे की कगार पर हैं। ऐसे स्रोतों की खुदाई कर पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। 30 मीटर लंबे और इतनी ही चौड़ाई के साथ ही एक मी. गहराई वाले वाटर होल टैंक बनाए जा रहे हैं। इनमें पालीथिन शीट बिछाकर वन्यजीवों के लिए पानी स्टोर किया जाएगा। वन्यजीवों को जंगल में पानी उपलब्ध होने पर उनके आबादी क्षेत्र में घुसने की आशंका कम हो जाएगी। कई जगहो पर बोरिंग भी की गई है, जिन्हें सौर ऊर्जा की मदद से चलाया जा सकता है।वीटीआर में वन्य जीवों के पानी के लिए 50 से अधिक छोटे-बड़े वाटर होल बनाए गए हैं। छोटे-छोटे प्राकृतिक जल स्रोतों से आ रहे पानी को संचय कर छोटा तालाब बनाया गया है।वाटर होल तैयार करने के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है।जिससे कि वाटर होल में डूबने से किसी जंगली जानवरों को भी नुकसान ना पहुंचे।वाटरहोल तैयार हो जाने से मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर भी लगाम लगेगी। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि क्षेत्र के हिसाब से वाटरहोल तैयार किए गए हैं, जो कई योजनाओं के माध्यम से बनाई गई हैं।



**• जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में रुख को रोकने के लिए नए वाटर होल का निर्माण प्रगति पर है इसके बनने से वन्यजीवो को मिलेगा पर्याप्त पानी**

# निजी क्लीनिक में नवजात बच्चा के हुई मौत

चाणक्य भूमि (योगापट्टी)



एक तरफ फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई करने के लिए विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है तो दूसरी तरफ बच्चा के मौत के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला योगापट्टी थाना व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में स्थित रिषु चाइल्ड केयर क्लीनिक कि है। जाहा एक नवजात बच्चा की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बचा के मौत होने के बाद उनके परिजनों के द्वारा अस्पताल गेट पर जमकर हंगामा किया गया। बिशवसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार योगापट्टी थाना क्षेत्र के सिसवा भूमिहार पंचायत के सोनबरसा गांव निवासी बीरेन्द्र महतो के पत्नी को बिते मंगलवार के दिन प्रशव पीड़ा होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र योगापट्टी लाये। जाहा सही सलामत महिला ने बच्चा को जन्म दिया। उसके बाद बिचौलियों के बहकावे में आकर बगल के रिषु चाइल्ड केयर में भर्ती करा दिया जाहा आज बृहस्पतिवार के सुबह लगभग सात बजे नवजात शिशु की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के सामने जमकर हंगामा किया। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल के गार्ड एव दो अन्य व्यक्ती के द्वारा मरीज के साथ दलाली का काम करते हैं। रात दिन सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में मरीजों को भर्ती करवाने कि काम करते है। योगापट्टी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नही हो पाया।










# गैंगरेप पीड़िता के आरोपी पुलिस पकड से बाहर पीड़ित मानसिक रूप से बीमार

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

गैंगरेप की पीड़िता नाबालिग अब मानसिक रूप से बीमार हो गई है। हादसे की यादें उसके दिमाग मे बस गई है जिस कारण बीते दृश्य को याद करते हुए बार-बार बेहोश हो जा रही है। दृश्य को याद कर जोर-जोर से चिल्ला कर रोने लग रही है। पीड़िता के परिवार वाले अत्यंत गरीब है परिवार वालों को यह समझ नही आ रहा है कि अब क्या किया जाए और क्या न किया जाए। पीड़िता जब मुजफ्फरपुर से इलाज कराकर मंगलवार की शाम अपने घर लौटी तो बुधवार को उसकी तबियत फिर से खराब हो गई। खराब तबियत को देख उसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने उसका उपचार किया। स्थिति को देख डॉक्टर की टीम ने फिर मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन ने बताया कि वह बच्ची हादसे से डरी हुई है। आज वो आई हुई थी प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए मनोचिकित्सक के पास भेजा गया है। वही पीड़िता के परिजनों का कहना है कि अभी भी इसमे शामिल कई आरोपी आजाद घूम रहे है। अब तक आरोपी नही पकड़े गए इसमे शामिल सभी आरोपियों को फाँसी होनी चाहिए। वही चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव आलोक श्रीवास्तव ने ऐसे घृणित कार्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों व गर्भवती महिलाओं को दिया गया टीका

चाणक्यभूमि योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 7 स्थित केंद्र संख्या 68 में बृहस्पतिवार को बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को इंजेक्शन दिया गया। एएनएम सुजाता सिन्हा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं व छोटे-छोटे बच्चों को किसी प्रकार की बीमारी नहीं हो इसको लेकर स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से आंगनबाड़ी केंद्र में इंजेक्शन दिया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों को संतुलित आहार देना काफी आवश्यक है। कभी भी खाली पेट नहीं रहे और नियमित रूप से पानी पिये खाली पेट रहने से पेट में गैस की परेशानी होती है इसलिए गर्भवती महिलाओं को अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए और समय के अनुसार अपने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहें इतना करने से बच्चा यीशु होते समय परेशानी नहीं होती है । मौके पर सेविका निशा देवी सहायिका व आसा रमिता देवी पति वाल्मीकि गिरी इंदु देवी प्रतिमा देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714